# आरसीबी, एसआरएच को खलेगी बड़े खिलाड़ियों की कमी

## हैजलवुड-कमिंस बाहर, आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों में टीमों की रणनीति पर असर पड़ना तय





**नई दिल्ली, 18 मार्च जोश हैजलवुड और पैट कमिंस के आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों से बाहर होने से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा झटका लगा है. दोनों खिलाड़ी चोट से उबर रहे हैं, जिससे टीमों की रणनीति पर असर पड़ना तय है.**

आईपीएल 2026 के आगाज से पहले ही दो बड़ी टीमों को करारा झटका लगा है. ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हैजलवुड और पैट कमिंस शुरुआती मैचों में अपनी-अपनी टीमों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे. इससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की तैयारियों को बड़ा झटका लगा है. सबसे पहले बात करें हैजलवुड की, तो वह लगातार हैमस्ट्रिंग और अकिलीस टेंडन की समस्या से जूझ रहे हैं. इसी कारण वह लंबे समय से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, वह कम से कम आरसीबी के पहले दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे. हैजलवुड का बाहर होना आरसीबी के लिए बड़ी चिंता का विषय है. पिछले सीजन में उन्होंने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई थी.

पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ईशान किशन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआती कुछ मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे. पैट कमिंस अभी तक अपनी पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उनके शुरुआती मैचों में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है. इस दौरान अभिषेक शर्मा किशन के उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे. ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है. कप्तानी के साथ-साथ ईशान ने बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया. उन्होंने उस टूर्नामेंट में 197.33 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 517 रन बनाए थे. उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुए टी-20 विश्वकप में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को ट्रॉफी जिताने में अहमद योगदान दिया था. उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप में कुल 532 रन बनाए. उनका स्ट्राइक रेट 207 का रहा था.



## टी20 के 3 मैचों में मोलिन्यू संभालेंगी कमान

**सेंट विंसेंट. सोफ़ी मोलिन्यू ने पुष्टि की है कि वह वेस्ट इंडीज के ख़िलाफ़ तीन मैचों की टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन उनकी भूमिका की सही प्रकृति अभी तक स्पष्ट नहीं है, क्योंकि वह अभी भी पीठ की चोट से उबर रही हैं.**

अपनी ताज़ा चोट के कारण मोलिन्यू भारत के ख़िलाफ़ आख़िरी दो वनडे और टेस्ट मैच नहीं खेल पाई थीं. टी20 विश्व कप नजदीक होने के कारण, ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान को अपनी भूमिका में ढलने के लिए समय देना एक बड़ी प्राथमिकता है. 28 वर्षीय खिलाड़ी को लेकर सबसे बड़ा सवाल उनकी गेंदबाज़ी की क्षमता पर है. भारत सीरीज के आख़िरी दौर में वह नेट्स पर दौड़ रही थीं और बल्लेबाज़ी का अभ्यास कर रही थीं. संभावना है कि अगर वह स्पिन आक्रमण में अपनी मुख्य भूमिका नहीं भी निभा पाती हैं, तब भी वह मैच खेलेंगी. मंगलवार को सेंट विंसेंट में बोलते हुए, मोलिन्यूज़ ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उपलब्धता के अलावा वह मैदान पर क्या भूमिका निभाएंगी.

उन्होंने कहा कि छह मैचों के इस व्हाइट-बॉल दौरे के दौरान उनकी स्थिति का लगातार आकलन किया जाएगा. उन्होंने कहा, 'मैं मैदान पर वापसी करने और टीम में अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूँ... हम देखेंगे कि चीज़ें कैसे आगे बढ़ती हैं, ख़ासकर दौरे के आख़िरी हिस्से में होने वाले एक दिवसीय मैचों के दौरान; हम लगातार अपनी स्थिति का आकलन करते रहेंगे.'

## मियामी में अल्काराज-सिनर के बीच नंबर 1 की जंग





**मियामी, 18 मार्च कार्लोस अल्काराज और जानिक सिनर के बीच वर्ल्ड नंबर 1 की जंग अब और रोमांचक हो गई है. मियामी ओपन इस मुकाबले में निर्णायक भूमिका निभाने जा रहा है, जहां हर जीत रैंकिंग की तस्वीर बदल सकती है.**

टेनिस की दुनिया में इस समय सबसे बड़ी चर्चा कार्लोस अल्काराज और जानिक सिनर के बीच चल रही नंबर 1 की जंग को लेकर है. मियामी ओपन इस मुकाबले को और भी दिलचस्प बना रहा है, क्योंकि यहां मिलने वाले अंक सीधे एटीपी रैंकिंग को प्रभावित करेंगे. हाल ही में बीएनपी परीबा ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिनर ने खिताब अपने नाम किया. इस जीत ने उन्हें 1000 रैंकिंग अंक दिलाए और अल्काराज की बढ़त को काफी हद तक कम कर दिया. पहले जहां दोनों के बीच 2800 अंकों का अंतर था, अब वह घटकर लगभग 2150 अंक रह गया है. मियामी ओपन सिनर के लिए खास अवसर लेकर आया है. उन्होंने 2025 में इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था, जिससे इस बार उनके ऊपर किसी भी अंक को बचाने का दबाव नहीं है. इसका सीधा फायदा उन्हें मिलेगा, क्योंकि यहां हर जीत उनके कुल अंकों में जुड़ती जाएगी और वह तेजी से अल्काराज के करीब पहुंच सकते हैं. दूसरी ओर, कार्लोस अल्काराज के पास भी खोने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है. पिछले साल उन्हें पहले ही दौर में डेविड गोफिन से हार मिली थी, जिससे इस बार उनके पास बचाने के लिए सिर्फ 10 अंक ही हैं. इसका मतलब है कि वह इस टूर्नामेंट में बिना किसी दबाव के आक्रामक खेल दिखा सकते हैं.

हालांकि, अल्काराज के लिए यह टूर्नामेंट आत्मविश्वास वापसी का भी मौका है. दानिल मेदवेदेव ने इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में उन्हें हराकर 2026 सीजन में उनकी 16-0 की जीत का सिलसिला तोड़ दिया था. ऐसे में

### एक नजर में

## न्यू साउथ वेल्स के कोच बने हैडिन



**सिडनी.** ब्रैड हैडिन को न्यू साउथ वेल्स पुरुषों की टीम का अगला मुख्य कोच बनाया गया है. उन्होंने अनुभवी कोच ग्रेग शिप्पर्ड की जगह ली है, जिनका कॉन्ट्रैक्ट एक साल पहले ही खत्म कर दिया गया था. क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स ने हैडिन को शिप्पर्ड का उत्तराधिकारी घोषित करने में ज़रा भी देर नहीं की. यह घोषणा तब की गई जब 'ब्लूज़' (न्यू साउथ वेल्स टीम) ने मंगलवार को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रोमांचक ड्रॉ के साथ अपना 2025-26 का सीजन खत्म किया. खबरों के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर और टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज हैडिन ने 'क्रिकेट सेंट्रल' में मैच के दौरान ही क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड के सामने अपना प्रस्ताव पेश किया. शेफ़ील्ड शील्ड सीजन के आखिरी दिन पुरुषों की टीम के सहायक कोच अली डी विंटर और शॉन ब्रैडस्ट्रीट को भी बता दिया गया कि अब उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं होगी. न्यू साउथ वेल्स ने अपने आखिरी राउंड का मैच ड्रॉ कराया. मैच के आखिरी तीन गेंदों पर जब वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के नौ विकेट गिर चुके थे, तब निचले क्रम के बल्लेबाज कोरी रोचिचियोली और अल्बर्ट एस्टरहुसेन ने डटकर बल्लेबाज़ी की और टीम को हार से बचा लिया.

## दुबई से नाम वापस लेने पर आलोचना बेतुकी है



**दुबई.** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका का कहना है कि पिछले महीने दुबई चैंपियनशिप से उनके देर से नाम वापस लेने पर हो रही आलोचना 'बेतुकी' है और हो सकता है कि वह इस टूर्नामेंट में दोबारा न खेलें. बेलारूस की सबालेंका और उस समय दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने 13 फरवरी को डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट से नाम वापस ले लिया था, जो टूर्नामेंट शुरू होने से दो दिन पहले की बात है. बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, टूर्नामेंट के डायरेक्टर सलाह तहलक ने पिछले महीने कहा था कि सबालेंका और पोलैंड की स्वियाटेक के रैंकिंग पॉइंट्स काट लिए जाने चाहिए. चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि उन्होंने खुद को सबसे अच्छे तरीके से पेश किया. यह देखकर सच में बहुत दुख होता है कि टूर्नामेंट के डायरेक्टर और टूर्नामेंट हमें (खिलाड़ियों को) सुरक्षा नहीं दे रहे हैं. उन्हें बस अपनी (बिक्री), अपने टूर्नामेंट की परवाह है और बस इतना ही. मुझे पक्का नहीं पता कि उनके इस कमेंट के बाद मैं कभी वहां जाना चाहूंगी भी या नहीं. मेरे लिए यह बहुत ज़्यादा है.'

## भारत का पूल कड़ा और संतुलित : कोच मरिने



**बेंगलुरु.** मुख्य कोच शुअर्ड मरिने ने बुधवार को आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के पूल डी को 'बहुत ही कड़ा और संतुलित' बताया. यह बात उन्होंने तब कही जब भारतीय महिला हॉकी टीम को इंग्लैंड, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ एक ही पूल में रखा गया. भारतीय टीम, जिसने हाल ही में इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफ़ाई किया है, उसे अगस्त में होने वाले ग्रुप स्टेज में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा. चीन, जो अभी वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे स्थान पर है, इस पूल में सबसे आगे है; उसके बाद इंग्लैंड छठे स्थान पर है, जबकि भारत और दक्षिण अफ्रीका क्रमश: नौवें और उन्नीसवें स्थान पर हैं. विरोधी टीमों की अलग-अलग ताकतों को मानते हुए, मरिने ने कहा कि इस ग्रुप में अनुभव और अप्रत्याशितता का मिला-जुला रूप देखने को मिलेगा. उन्होंने कहा, 'यह एक बहुत ही कड़ा और संतुलित पूल है.




## 22 को चेपॉक में एक बड़े 'रीयूनियन' की योजना बना रहा है सीएसके

**चेन्नई, 18 मार्च 22 मार्च को चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स का एक रीयूनियन होगा, जिसमें फ्रेंचाइजी अपने कई पूर्व खिलाड़ियों को आमंत्रित कर रही है - जिनमें वे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो अभी दूसरी आईपीएल टीमों से जुड़े हुए हैं.**

जिन लोगों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, उनमें मुथैया मुरलीधरन (सनराइजर्स हैदराबाद), मैथ्यू हेडन (गुजरात टाइटन्स) और ड्वेन ब्रावो (कोलकाता नाइट राइडर्स) शामिल हैं. जब इस नियोजित कार्यक्रम के बारे में खबर फैली, तो आईपीएल टीमों के बीच थोड़ी उत्सुकता पैदा हो गई, जिससे यह चर्चा शुरू हो गई कि शायद कोई बड़ी घोषणा होने वाली है. हालाँकि, फ्रेंचाइजी के अधिकारियों ने तुरंत स्पष्ट किया कि यह केवल आईपीएल सीजन की शुरुआत के उपलक्ष्य में आयोजित एक औपचारिक 'प्री-आईपीएल' कार्यक्रम है. चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने क्रिकबज को स्पष्ट करते हुए कहा, 'यह सीज़न के लिए केवल एक 'प्री-लॉन्च' और प्रशंसकों से जुड़ने का एक प्रयास है. इसमें इससे ज़्यादा कुछ भी नहीं है.' उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि कई पूर्व खिलाड़ी - जिनमें ज़्यादातर भारतीय और वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले 16 सीजन में फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया है - इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे.

> मौजूदा टीम और सपोर्ट स्टाफ के अलावा, लगभग 19-20 पूर्व खिलाड़ियों के इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है. चेन्नई सुपर किंग्स के अपने खास अंदाज में, यह कार्यक्रम एक भव्य आयोजन होने की उम्मीद है, जो एमए चिदंबरम स्टेडियम में शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा; इसमें ऑस्कर विजेता संगीत निर्देशक एआर रहमान के प्रदर्शन के लिए एक विशेष हिस्सा भी रखा गया है. फ्रेंचाइजी ने दूसरी टीमों से संपर्क करके यह पता लगाने की कोशिश की है कि क्या उनके कोचिंग स्टाफ को एक दिन के लिए इस कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति दी जा सकती है.

## कोहली बंगलूरू पहुंचे, खिताब बचाव चुनौती



**नयी दिल्ली, 18 मार्च विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के शिविर से जुड़ने के लिए बंगलूरू पहुंच गए हैं. उनके आगमन से टीम में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बन गया है.**

पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेंगलुरु ने अपना पहला खिताब जीता था और अब टीम के सामने उसे बरकरार रखने की बड़ी चुनौती है. बंगलूरू पहुंचने से पहले विराट कोहली लंदन में अभ्यास कर रहे थे, जहां उन्होंने अपनी फिटनेस और बल्लेबाजी पर विशेष ध्यान दिया. टीम प्रबंधन और प्रशंसकों को उनके जुड़ने का लंबे समय से इंतजार था. अब उनके आने से टीम के अभ्यास सत्र में और अधिक जोश देखने को मिलेगा. पिछले सत्र में विराट कोहली का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा था. उन्होंने 15 मैचों में 657 रन बनाए, जिसमें आठ अर्धशतक शामिल थे. उनकी औसत 54.75 और स्ट्राइक रेट 144.71 रही. उनके इस प्रदर्शन ने टीम को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. ऐसे में इस बार भी उनसे बड़े योगदान की उम्मीद की जा रही है.

## भारत की पुरुष, महिला टीमें चीन के साथ



**कोपेनहेगन (डेनमार्क), 18 मार्च थॉमस और उबेर कप 2026 के लिए बुधवार को हुए ड्रॉ में भारतीय बैडमिंटन टीमों को मुश्किल ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियन चीन के साथ रखा गया है. आगामी थॉमस और उबेर कप 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के फोरम हॉर्सेंस एरिना में आयोजित किया जाएगा.**

वर्ष 2022 में थॉमस कप जीतने वाले भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को टूर्नामेंट के आगामी संस्करण के लिए मौजूदा चैंपियन चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया है. वहीं पिछले संस्करण में उपविजेता इंडोनेशिया को फ्रांस, थाईलैंड और अल्जीरिया के साथ ग्रुप डी में रखा गया है. वह थॉमस कप के इतिहास में 14 खिताबों के साथ सबसे सफल टीम है.

भारत की एकमात्र थॉमस कप जीत 2022 में तब मिली थी, जब उसने बैंकॉक में फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराया था. भारत ने बीडब्ल्यूएफ पुरुष टीम विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में अपनी स्थिति के आधार पर थॉमस कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया है. यह रैंकिंग बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के बाद फाइनल की गई थी. इस बीच, भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को उबेर कप 2026 के लिए ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें उनके साथ मौजूदा चैंपियन और रिकॉर्ड 16 बार की विजेता टीम चीन भी शामिल है. भारत और चीन के साथ-साथ मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन भी शामिल हैं.

**प्रदर्शन** ▶ आईसीसी द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के कप्तानों ने अपने प्रदर्शन से खास पहचान बनाई

## मिराज-सैंटनर ने रैंकिंग में लगाई छलांग





**दुबई, 18 मार्च. मेहदी हसन मिराज और मिचेल सैंटनर ने शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी की ताजा रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है.**

दोनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन खेल दिखाते हुए गेंदबाजी और ऑलराउंडर सूची में उल्लेखनीय सुधार किया है. आईसीसी द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के कप्तानों ने अपने प्रदर्शन से खास पहचान बनाई है. मेहदी हसन मिराज ने वनडे क्रिकेट में और मिचेल सैंटनर ने टी20 प्रारूप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है. सबसे पहले बात करें बांग्लादेश के कप्तान मिराज की, तो उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई एकदिवसीय सीरीज में बेहतरीन गेंदबाजी की. तीन मैचों की इस सीरीज में उन्होंने कुल पांच विकेट झटके और अपनी टीम को 2-1 से सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई. उनके इस प्रदर्शन का असर आईसीसी रैंकिंग में साफ नजर आया. वनडे गेंदबाजों की सूची में मिराज ने नौ स्थान की छलांग लगाते हुए संयुक्त रूप से सातवां स्थान हासिल किया है. यह उनके करियर की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. सिर्फ गेंदबाजी ही नहीं, मिराज ने ऑलराउंडर रैंकिंग में भी शानदार सुधार किया है.

> वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग पर नजर डालें तो डेरिल मिचेल 840 रेटिंग के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं. भारत के विराट कोहली 791 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान तीसरे स्थान पर मौजूद हैं. भारत के रोहित शर्मा चौथे और शुभमन गिल पांचवें स्थान पर बने हुए हैं. पाकिस्तान के बाबर आजम छठे स्थान पर हैं, जबकि वेस्टइंडीज के शे होप और आयरलैंड के हैरी ट्रेक्टर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर काबिज हैं. भारत के केएल राहुल नौवें स्थान पर हैं, जहां अब पाकिस्तान के सलमान अली आगा भी पहुंच गए हैं. सलमान ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ स्थान की छलांग लगाई है और ऑलराउंडर सूची में भी संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं.